गुरु नानक जयंती पर गुरुद्वारे पहुंचे डीएम इंद्रजीत सिंह और एसपी विनीत जायसवाल

गुरु नानक देव जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन, सत्य, सेवा और भाईचारे का संदेश अपनाने की अपील

सुल्तानपुर। श्री गुरु नानक देव जी की जयंती एवं पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल गुरुद्वारे पहुंचे। यहां दोनों अधिकारियों ने श्री गुरु नानक देव जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उनके आदर्शों और शिक्षाओं को स्मरण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने पूरी मानवता को सत्य, सेवा, समानता, प्रेम, करुणा और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को एकता, सद्भाव और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने सभी लोगों से गुरु नानक देव जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारे में लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी बलदेव सिंह, श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह एडवोकेट, मनमीत सिंह, मनजीत सिंह, गुरमीत सिंह सहित बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



हाई टेंशन की चपेट में आने से एक ही घर का दूसरा व्यक्ति झुलस

सुल्तानपुर रामनगर विद्युत उपकेंद्र के लाला का पुरवा पलहीपुर में बिजली का हाईटेंशन तार जानलेवा साबित हो रहा है। छत पर धूप लेने पहुंचे 38 वर्षीय सोशल शर्मा 33 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। करीब 70 फीसदी तक झुलसने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया।हैरानी की बात यह है कि इसी घर में एक सप्ताह के भीतर यह दूसरा विद्युत हादसा है। इससे पहले सजावट का काम करने पहुंचे हसनपुर,महाराजगंज निवासी अमित सिंह भी बिजली की चपेट में आकर झुलस गए थे।लगातार हो रहे हादसों से विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सुल्तानपुर-आप सांसद संजय सिंह समेत 12 आरोपियों को अदालत ने किया दोषमुक्त

सुल्तानपुर। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ नेता संजय सिंह को सुल्तानपुर की विशेष एमपी-एमएलए अदालत से बड़ी राहत मिली है। वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता और कोविड गाइडलाइन के उल्लंघन से जुड़े मुकदमे में अदालत ने मंगलवार को संजय सिंह समेत सभी जीवित 12 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। फैसले के दौरान सांसद संजय सिंह भी अदालत में मौजूद रहे। मामला 13 अप्रैल 2021 का है। आरोप था कि संजय सिंह ने बंधुआकला थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सलमा बेगम के समर्थन में बिना अनुमति चुनावी सभा की थी। इस मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव की तहरीर पर संजय सिंह समेत कुल 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान एक आरोपी की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद शेष 12 आरोपियों के खिलाफ अदालत में सुनवाई जारी रही। बीती 18 नवंबर को अभियोजन पक्ष के चार गवाहों के बयान दर्ज किए गए थे। इसके बाद अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से अंतिम बहस पूरी की गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह मदन तथा अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय ने अदालत में अपना पक्ष रखा था। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद सभी 12 जीवित आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। करीब पांच वर्ष पुराने इस मुकदमे में अदालत के फैसले से मामले का निस्तारण हो गया।

पिकअप की टक्कर से बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल रेफर

चांदा । संवाददाता स्थानीय चांदा कोतवाली क्षेत्र के पट्टी रोड स्थित रामनगर गांव के पास सोमवार की रात पिकप वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दिया । जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए । तीनों युवको को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा इलाज के लिए भर्ती कराया गया । जहां से जिला रेफर कर दिया गया ।सोमवार की रात आंवला लदी पिकअप वाहन ने चांदा क्षेत्र के रामनगर गांव के पास बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दिया । युवकों की पहचान प्रशांत पुत्र संतोष झा निवासी गोसाई का पुरवा थाना लंभुआ जनपद सुलतानपुर , विपिन पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम बसावनपुर थाना लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर व अभिषेक वर्मा पुत्र शैलेश निवासी ग्राम आनापुर नारायणगंज थाना चांदा जनपद सुलतानपुर के रूप में हुई। तीनों युवक बाइक से चांदा से पट्टी की तरफ जा रहे थे । तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा इलाज के लिए भर्ती कराया गया । जिसके बाद चिकित्सकों ने तीनों घायलों को जिला रेफर कर दिया । वही पिकअप वाहन से रोड पर आँवला भी बिखर गया ।

विधवा महिला ने जेठ पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

चांदा । संवाददातास्थानीय चांदा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 35 वर्षीय विधवा महिला ने अपने ही जेठ पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि उसका जेठ 23 अक्टूबर की आधी रात को जबरन घर में घुस आया और चाकू दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने तथा घटना की जानकारी किसी अन्य व्यक्ति को देने पर आरोपी ने उसे और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के अनुसार, घटना के बाद से वह न्याय पाने के लिए लगातार पुलिस अधिकारियों के चक्कर लगा रही है। इस संबंध में उसने पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के साथ ही चांदा कोतवाली में भी लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला का कहना है कि वह कई बार चांदा कोतवाली और गारवपुर पुलिस चौकी पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराने तथा कार्रवाई कराने का प्रयास कर चुकी है, लेकिन अभी तक उसे न्याय नहीं मिल सका है। पीड़िता ने गारवपुर पुलिस चौकी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उसका आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। घटना के बाद से महिला और उसके बच्चे भय के माहौल में जीवन गुजार रहे हैं। पीड़िता का कहना है कि आरोपी की धमकियों के चलते उसे अपनी और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।मामले को लेकर नवागत थानाध्यक्ष चांदा तरुण कुमार पटेल ने पीड़िता की बात सुनी और उसे निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने मामले की जांच कर तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही है। फिलहाल मामला पुलिस के संज्ञान में है। अब देखना यह है कि पुलिस जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर कब तक कार्रवाई करती है और पीड़िता को न्याय मिल पाता है।

हरिबनवा गांव में भजन संध्या में पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी ने बांधा समां

सुलतानपुर। हरिबनवा गांव में भजन संध्या कार्यक्रम का भव्य आयोजन डॉ अशोक मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बीजेपी नेता/पूर्व विधायक लंभुआ देवमणि द्विवेदी ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। उनकी भजन प्रस्तुतियों पर मौजूद श्रोता भावविभोर नजर आए। भजन संध्या के दौरान पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लेते हुए कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। देर तक चले इस आयोजन में भक्ति और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला।

स्व. ठाकुर धुन्नी सिंह की पुण्यतिथि पर सपा नेत्री पूनम सिंह ने अर्पित की श्रद्धांजलि

निःशुल्क नेत्र शिविर में सैकड़ों मरीजों को मिला स्वास्थ्य लाभ

रायबरेली। अपने पूज्य पिता एवं रायबरेली के जनप्रिय व्यक्तित्व स्वर्गीय ठाकुर धुन्नी सिंह की ग्वीं पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी की नेत्री पूनम सिंह ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुपर मार्केट, रायबरेली स्थित उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया -या। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के -गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठजनों, शुभचिंतकों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर स्व. ठाकुर धुन्नी सिंह जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत उनकी पावन स्मृति में विशाल भंडारे का आयोजन किया -या, जिसमें बड़ी संख्या में लो-ों ने प्रसाद ्रहण किया। इसके साथ ही स्व. ठाकुर धुन्नी सिंह जी के सेवा और जनकल्याण के विचारों को आ-े बढ़ाते हुए ्राम एवं पोस्ट सिधौना स्थित पंचायत भवन, ब्लॉक अमावां में नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कराया -या। नि:शुल्क नेत्र शिविर में सैकड़ों की संख्या में मरीजों एवं ्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। कानपुर साई आई अस्पताल के अनुभवी नेत्र सर्जनों एवं चिकित्सकीय टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए -ए। वहीं, जिन मरीजों को ऑपरेशन की आवश्यकता पाई -ई, उनके लिए भी पूर्णत: नि:शुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था की -ई। इस पहल से क्षेत्र के ्रामीणों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा मिली और आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत मिली। इस अवसर पर पूनम सिंह ने कहा कि उनके पूज्य पिताजी स्व. ठाकुर धुन्नी सिंह जी ने सदैव जनसेवा, -रीबों एवं जरूरतमंदों की मदद और समाज के प्रति समर्पण को प्राथमिकता दी। उनके जीवन के आदर्श, संस्कार और सेवा भाव आज भी उनके लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों की सेवा और जनकल्याण के कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद लो-ों के चेहरे पर मुस्कान लाना और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनके पिताजी के विचारों को आ-े बढ़ाने का एक प्रयास है। अंत में पूनम सिंह ने श्रद्धांजलि सभा, भंडारे एवं नि:शुल्क नेत्र शिविर को सफल बनाने में सहयो- देने वाले सभी क्षेत्रवासियों, वरिष्ठजनों, शुभचिंतकों एवं कानपुर साई आई अस्पताल की चिकित्सकीय टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

अमेठी में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध, किसानों को नहीं होगी खाद की किल्लत

जनपद में 21,196 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध, 25 नवंबर तक डीएपी का भंडार बढ़कर 4,288 मीट्रिक टन हो जाएगा

अमेठी। जनपद में रबी फसलों की बुवाई एवं कृषि कार्यों को देखते हुए किसानों को समय से उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी शशांक चौधरी के निर्देशों के क्रम में जनपद की समस्त उर्वरक समितियों, महिला उपभोक्ता संघ तथा इफ्को प्थ्व्ब् के केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, जिससे किसानों को खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी देवेंद्र सिंह निरंजन ने बताया कि दिनांक 23 नवंबर 2026 को 2,668 मीट्रिक टन इफ्को यूरिया की एक रैक जनपद को प्राप्त हो चुकी है। इसके बाद जनपद में यूरिया की कुल उपलब्ध मात्रा बढ़कर 21,196 मीट्रिक टन हो गई है। इसी क्रम में 25 नवंबर 2026 को एचयूआरएल (भ्न्त्स्) की एक रैक प्राप्त होने की संभावना है, जिसमें 757 मीट्रिक टन डीएपी एवं 150 मीट्रिक टन टीएसपी उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त पीपीएल (च्स्) की एक रैक भी 25 नवंबर को सुल्तानपुर में पहुंचेगी, जिसमें से जनपद अमेठी को 350 मीट्रिक टन डीएपी प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर तक आने वाली डीएपी की मात्रा तथा वर्तमान उपलब्ध भंडार को मिलाकर जनपद में डीएपी की कुल उपलब्धता 4,288 मीट्रिक टन हो जाएगी। इसके अतिरिक्त जनपद में वर्तमान में 2,995 मीट्रिक टन एनपीके, 1,871 मीट्रिक टन एसएसपी तथा 166 मीट्रिक टन एमओपी उर्वरक भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में किसी भी प्रकार के उर्वरक की कमी नहीं है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे आवश्यकता एवं मृदा की स्थिति के अनुसार डीएपी के साथ-साथ एनपीके उर्वरक का भी प्रयोग करें, जिससे फसलों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि निजी उर्वरक विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दरों पर ही उर्वरकों की बिक्री सुनिश्चित करें। किसी भी विक्रेता द्वारा उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग करने, निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने अथवा कालाबाजारी करने का मामला सामने आने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के प्रावधानों के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन का उद्देश्य जनपद के प्रत्येक किसान को उसकी आवश्यकता के अनुरूप निर्धारित मूल्य पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराना तथा उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखना है।

बीईओ के विदाई समारोह का हुआ आयोजन

भेंटुआ अमेठी । खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार यादव के विदाई समारोह में आत्मीयता और सम्मान का माहौल रहा। पत्रकार साथियों ने भी समारोह में शामिल होकर उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके साथ बिताए अनुभव साझा किए।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. संतोष कुमार यादव ने अपने सरल स्वभाव आत्मीय व्यवहार और कार्यशैली से लोगों के बीच अलग पहचान बनाई। अधिकारी के रूप में उन्होंने जिम्मेदारियों का निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन किया। सभी के साथ उनका सहयोगात्मक रवैया और सहज व्यवहार हमेशा याद किया जाएगा। पत्रकार साथियों ने कहा कि किसी व्यक्ति की पहचान उसके पद से नहीं बल्कि उसके व्यवहार और कार्यों से होती है। डॉ. यादव ने अपने कार्यों और व्यवहार से लोगों के दिलों में जगह बनाई है।

अच्छे बुरे कर्म जीव का कभी पीछा नहीं छोड़ते - शिवेश शास्त्री

अमेठी ।क्षेत्र के बन्दोइया गांव में पंडित उमेशचन्द त्रिपाठी के यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास ने कई मार्मिक प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि अच्छे बुरे कर्म जीव का किसी भी जन्म में पीछा नहीं छोड़ते। मनुष्य जन्म की सबसे बड़ी उपलब्धि भगवत शरणागति है ईश्वर के प्रेम में बाधक सगे सम्बन्धी का भी त्याग कर देना चाहिए। जाको प्रिय न राम वैदेही तजिए ताहि कोटि बैरी सम यद्यपि परम सनेही। मानस की उक्त पंक्तियां कथा व्यास शिवेश शास्त्री जी महाराज ने श्रोताओं के मध्य मार्मिक ढंग से वर्णित की। उन्होंने कहा कि यह संदेश बाबा तुलसीदास जी ने मीरा जी को भेजा था। तात्पर्य यह है कि भगवत भजन में यदि कोई बाधक है तो कितना ही घनिष्ट रिश्ता क्यों ना हो उसे त्याग देना चाहिए। आगे कहा कि तन से करम करहु विधि नाना। मन राखहु जहां कृपा निधाना। उन्होंने ऋषभदेव प्रसंग का वर्णन करते हुए यह व्याख्यान दिया की पशु और मनुष्य में बहुत कुछ समानताएं हैं असमानता है तो केवल यह कि मनुष्य को धर्म में रत रहना चाहिए और भगवत भजन करनी चाहिए।चतुर्थ दिवस उन्होंने पुरंजनोपाख्यान जड़ भरत चरित्र प्रहलाद चरित्र वामन अवतार रामावतार कृष्ण जन्म कलयुग में परमात्मा से प्रीत करनी है तो प्रभु के सत्संग से प्रभु के कीर्तन से प्रेम रखो।भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कथा के मुख्य यजमान शीला त्रिपाठी उमेशचंद त्रिपाठी सहित डॉ अंगद सिंह अजय अग्रहरि जीतलाल राधेश्याम तिवारी प्रेम तिवारी आदि श्रोता कथा सुनकर भाव विभोर हो गए। आयोजक अभिषेक त्रिपाठी ने अपने सहयोगियों सहित भगवत प्रेमियों का सत्कार किया।

28 नवंबर को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

जरवा-बलरामपुर। भारत-नेपाल सीमा से सटे नेपाल के कोयलाबास क्षेत्र में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 28 नवंबर को विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में मरीजों की आंखों की जांच से लेकर मोतियाबिंद का ऑपरेशन दवाइयां और काला चश्मा तक पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए डॉ.सूरज ने बताया कि इस जनकल्याणकारी पहल का आयोजन स्थानीय सामाजिक संस्थाओं एवं चिकित्सक संघ के सहयोग से किया जा रहा है।

नन्दमहर मेले का डीएम और एसपी ने लिया जायजा

अमेठी । बाबा नन्दमहर धाम में चल रहे दो दिवसीय मेले के दृष्टिगत जिलाधिकारी शशांक चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने सोमवार को धाम परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर मेले के दौरान की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने धाम परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा भीड़ प्रबंधन एवं आवागमन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने यातायात व्यवस्था पार्किंग साफ-सफाई तथा पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति देखी। साथ ही मेले में पहुंच रहे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने स्वयं ड्रोन के माध्यम से धाम परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर मेले में भीड़ की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की निगरानी की। इस दौरान अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मेले में भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी सतर्कता बरती जाए। यातायात का संचालन सुचारु रखा जाए तथा पार्किंग व्यवस्था ऐसी सुनिश्चित की जाए जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थलों पर मुस्तैदी से तैनात रहकर निरंतर निगरानी बनाए रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुविधा एवं सुगम दर्शन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिशा श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शादी तुड़वाने के लिए युवती के होने वाले ससुराल पहुंचा सिरफिरा

हरदोई। शहर कोतवाली क्षेत्र में एकतरफा प्रेम और दबंगई का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक युवक ने युवती की तय शादी तुड़वाने के लिए 13 नवंबर को उसके होने वाले ससुराल पहुंचकर दूल्हे और उसके माता-पिता के सामने युवती से शादी होने तथा गर्भपात कराने जैसी मनगढ़ंत बातें बताईं। आरोपी ने रिश्ता तोड़ने का दबाव बनाते हुए शादी करने पर पछताने की धमकी दी। आरोप है कि उसी दिन शाम को बीए तृतीय वर्ष की छात्रा दवा लेने निकली तो युवक ने रास्ते में उसे घेर लिया। दूसरी जगह शादी करने पर तेजाब डालकर जिंदगी बर्बाद करने और पूरे परिवार की हत्या करने की धमकी दी। इतना ही नहीं, युवती की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर भ्रामक बातें भी फैलाईं। इससे परिवार दहशत में है।

राम-सीता विवाह का सजीव मंचन,सीता विदाई देख भावुक हुए दर्शक

जरवा/बलरामपुर। कोतवाली जरवा के ग्राम पिपरा दुर्गानगर में स्थानीय कलाकारों की जय मां दुर्गे रामलीला पार्टी के तत्वाधान में चतुर्थ दिवस की रामलीला में राम बरात का दृश्य रोचक रहा। राम बारात में शामिल दर्जनों श्रद्धालु बाराती बनकर डीजे की धुन पर जमकर नाचे और आतिशबाजी की। राम बारात की झांकी डीजे के साथ शाम से ही क्षेत्र के नगई, नथुनियामोड़ चौराहा, प्रतापपुर, पिपरी, बसईडीह आदि गांव में घूमते हुए रात्रि 9ः00 बजे रामलीला पंडाल में पहुंची जहां मौजूद जनकपुर वासियों ने बारातियों का स्वागत किया। उसके बाद राम और सीता की विवाह हुई। सीता के पांव पूजन में क्षेत्रीय लोगों ने बर्तन, कपड़े रुपए तथा सपना किन्नर व अन्य किन्नरों समूह ने फल, मिठाई व रुपए का दान किया। उसके बाद सीता की विदाई के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। चतुर्थ दिवस की लीला में राम बरात, सीता की विदाई, कैकेई-मंथरा संवाद, दशरथ-कैकेई संवाद, राम-सीता संवाद, राम-लक्ष्मण संवाद, सुमित्रा-लक्ष्मण संवाद के दृश्यों का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। राम की भूमिका संजय, सीता की प्रिया किन्नर, लक्ष्मण की नीरज, दशरथ की कल्लू गुप्ता, कैकेई की पायल किन्नर, सुमित्रा की भूमिका रानी, कौशल्या की चन्दर, जनक की संतराम, मंथरा की बिक्के और सुनयना की अंकुर ने निभाई। रामलीला मंचन के दौरान नेता सपना किन्नर , रानी, नैना ने रामलीला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया जिस दौरान अध्यक्ष राम उजागर, बिंदुलाल मास्टर, सत्य प्रकाश वकील, कोटेदार शिवकुमार, दिव्य प्रकाश चमन, विनय मिश्रा, प्रधान नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

एनएच-731 पर रॉन्ग साइड दौड़ रहे मिट्टी भरे डंपर

हरदोई। राष्ट्रीय राजमार्ग-731 पर यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सुरसा थाना क्षेत्र के पचकोहरा पुलिस सहायता केंद्र के पास मिट्टी से भरा डंपर गलत दिशा में दौड़ता दिखाई दिया। भारी-भरकम वाहनों की यह लापरवाही सड़क पर चलने वाले अन्य वाहन चालकों की जान जोखिम में डाल रही है। तेज रफ्तार से रॉन्ग साइड आ रहे डंपर कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। नवंबर माह में यातायात जागरूकता अभियान चलने के बावजूद हाईवे पर नियमों की अनदेखी हो रही है। अब सवाल यह है कि जिम्मेदार विभाग ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई कब करेगा? क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन की नींद टूटेगी ?

जिले में उर्वरक का पर्याप्त भंडार - जिला कृषि अधिकारी

अमेठी । जिला कृषि अधिकारी देवेंद्र सिंह निरंजन ने बताया कि दिनांक 23 नवंबर 2026 को 2668 मीट्रिक टन इफ्को यूरिया की एक रैक जनपद को प्राप्त हो चुकी है। इसके बाद जनपद में यूरिया की कुल उपलब्ध मात्रा बढ़कर 21196 मीट्रिक टन हो गई है। इसी क्रम में 25 नवंबर 2026 को एचयूआरएल की एक रैक प्राप्त होने की संभावना है जिसमें 757 मीट्रिक टन डीएपी एवं 150 मीट्रिक टन टीएसपी उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त पीपीएल की एक रैक भी 25 नवंबर को सुल्तानपुर में पहुंचेगी जिसमें से जनपद अमेठी को 350 मीट्रिक टन डीएपी प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर तक आने वाली डीएपी की मात्रा तथा वर्तमान उपलब्ध भंडार को मिलाकर जनपद में डीएपी की कुल उपलब्धता 4288 मीट्रिक टन हो जाएगी। इसके अतिरिक्त जनपद में वर्तमान में 2995 मीट्रिक टन एनपीके 1871 मीट्रिक टन एसएसपी तथा 166 मीट्रिक टन एमओपी उर्वरक भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में किसी भी प्रकार के उर्वरक की कमी नहीं है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे आवश्यकता एवं मृदा की स्थिति के अनुसार डीएपी के साथ-साथ एनपीके उर्वरक का भी प्रयोग करें जिससे फसलों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि निजी उर्वरक विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दरों पर ही उर्वरकों की बिक्री सुनिश्चित करें। किसी भी विक्रेता द्वारा उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग करने निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने अथवा कालाबाजारी करने का मामला सामने आने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी का बलरामपुर में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत

बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री आदरणीय हरीश द्विवेदी जी के जनपद बलरामपुर में प्रथम आगमन पर बलरामपुर बॉर्डर स्थित पावन बिजलीपुर मंदिर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जनपद आगमन के दौरान राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी जी ने उतरौला,गैसड़ी,तुलसीपुर एवं बलरामपुर सदर विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग संगठनात्मक बैठकें कीं। इन बैठकों में पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों,मंडल अध्यक्षों,बूथ अध्यक्षों तथा पार्टी के वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। उन्होंने संगठन की वर्तमान गतिविधियों, कार्यप्रणाली और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना। इस दौरान जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सतीश शर्मा जी ने भी अलग-अलग बैठकों में सहभागिता की। राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी एवं प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने संगठन की मजबूती के लिए नियमित बैठकें आयोजित करने,पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को निरंतर क्षेत्रीय प्रवास करने तथा बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को सक्रिय बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं के आपसी समन्वय,संवाद और निरंतर सक्रियता से सुनिश्चित होती है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे,इसके लिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जनसंपर्क के माध्यम से योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं। बैठकों में कार्यकर्ताओं द्वारा उठाई गई समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया गया। इन बैठकों के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ ही पुराने एवं वर्तमान कार्यकर्ताओं के अनुभवों,सुझावों और स्थानीय परिस्थितियों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र,जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.आरती तिवारी,विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम,विधायक कैलाश नाथ शुक्ल,विधायक राम प्रताप वर्मा,शैलेश कुमार सिंह शैलू, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह %धीरू%,पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंह,चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू,बृजेन्द्र तिवारी,वरुण सिंह मोनू,शिव प्रसाद यादव,डॉ.अजय सिंह पिंकू,बिन्दु विश्वकर्मा,महेन्द्र पाण्डेय,डीपी सिंह बैस सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता,मंडल अध्यक्षगण, बूथ अध्यक्षगण,नगर अध्यक्ष, सभासदगण तथा बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्तिक पूर्णिमा पर राप्ती तट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, धुंध के बीच किया स्नान

बलरामपुर। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंगलवार सुबह राप्ती नदी के तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह की ठंड और धुंध के बीच श्रद्धालुओं ने राप्ती नदी में आस्था की डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सूर्योदय के समय नदी तट पर धार्मिक आस्था और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। कार्तिक पूर्णिमा पर नदी में स्नान, दीपदान और दान-पुण्य का विशेष महत्व माना जाता है। इसी मान्यता के चलते सुबह से ही राप्ती नदी के तट पर महिला, पुरुष और बुजुर्ग श्रद्धालु पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद पूजा-पाठ किया और परंपरा के अनुसार दान-पुण्य भी किया। सुबह नदी के किनारे धुंध छाई रही और सूरज की हल्की किरणों के बीच श्रद्धालु स्नान करते नजर आए। घाट पर लोगों की आवाजाही बनी रही। कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली और त्रिपुरारी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन पवित्र नदी में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के साथ बलरामपुर में श्रद्धालुओं ने पूर्णिमा पर्व मनाया।

विधायक खेल स्पर्धा को लेकर डीएम ने की बैठक

प्रत्येक विधानसभा क्ष